# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–06 मई 2025** **सान्ध्य समाचार**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद हो रही उच्च स्तरीय बैठकों की श्रृंखला में आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके आवास पर भेंट की। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कल प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी। इससे पहले तीनों सेना प्रमुखों के साथ प्रधानमंत्री की अलग–अलग बैठकें हुई थीं।

इस बीच, केन्द्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन ने कल होने वाली नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के जरिये आज बैठक की।

गृह मंत्रालय ने देश के दो सौ चौवालिस वर्गीकृत नागरिक सुरक्षा जिलों में नागरिक सुरक्षा अभ्यास और पूर्वाभ्यास आयोजित करने का निर्णय लिया है।

***कल होने वाली इस मॉक ड्रिल में हवाई हमले की चेतावनी देने वाली प्रणालियों की प्रभावशीलता का आकलन किया जाएगा, वायुसेना के साथ हॉटलाइन और रेडियो संचार लिंक का संचालन किया जाएगा। साथ ही नियंत्रण कक्षों की कार्यक्षमता का भी परीक्षण होगा। इसके अलावा अभ्यास में हमले की स्थिति में खुद को बचाने के लिए नागरिक सुरक्षा पहलुओं पर नागरिकों और छात्रों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। क्रैश ब्लैकआउट उपायों के प्रावधान के अलावा, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को छिपाने और निकासी योजना को अपडेट करने और उसका पूर्वाभ्यास करने का प्रावधान भी इस मॉक ड्रिल में शामिल है। देशभर में एनसीसी कैडेट भी कल होने वाले इस अभ्यास में भाग लेंगे। आनंद कुमार के साथ सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बताया कि मॉक ड्रिल के लिए प्रदेश में उन्नीस जिलों की पहचान की गई है। इनमें से एक जिला ए श्रेणी, दो जिले सी श्रेणी में और बाकी जिले बी श्रेणी में हैं। इन सभी जिलों में सिविल प्रशासन, पुलिस प्रशासन, अग्निशमन सेवा और आपदा प्रतिक्रिया बल को साथ मिल कर मॉक ड्रिल करने का निर्देश दिया गया है।

**********

प्रदेश सरकार पचीस वर्षों तक एक हजार पांच सौ मेगावॉट बिजली सस्ती दरों पर खरीदेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। उर्जा मंत्री एके शर्मा ने कैबिनेट के निर्णय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सस्ती बिजली की खरीद से उत्तर प्रदेश पॉवर कार्पोरेशन लिमिटेड को पचीस वर्षों में दो हजार नौ सौ अट्ठावन करोड़ रुपये की बचत होगी। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***प्रदेश सरकार ने एक हजार छह सौ मेगावॉट क्षमता की तापीय परियोजना से कुल एक हजार पांच सौ मेगावॉट उर्जा बिड प्रॉसेस के माध्यम से पचीस वर्षों तक खरीदने का निर्णय लिया है। बिडिंग प्रक्रिया में सबसे कम पांच रुपये अड़तीस पैसे प्रति यूनिट की टैरिफ दर की पेशकश करने वाली निजी कंपनी को परियोजना के लिए चुना गया है। सरकार की इस नई पहल से प्रदेश को वर्ष दो हजार तीस इकतीस से एक हजार पांच सौ मेगावॉट बिजली बेहद सस्ती दर पर मिलने लगेगी। सरकार के इस निर्णय को उर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक दूरदर्शी कदम माना जा रहा है। समाचार कक्ष से मैं वेद प्रकाश पाठक।***

आज हुयी कैबिनेट की बैठक में प्रदेश सरकार ने कई अन्य महत्वपूर्ण फैसले भी लिये।

**********

अयोध्या में श्रद्धालु हनुमानगढ़ी से श्रीराम जन्मभूमि पहुंचने के लिए दो सौ नब्बे मीटर के भीड़भाड़ से मुक्त रास्ते का इस्तेमाल कर सकेंगे। इसके लिए बजरंग पथ बनाया जा रहा है। इसका पैंतालिस फीसदी निर्माण पूरा हो चुका है। यह जानकारी अयोध्या के मंडलायुक्त गौरव दयाल ने दी। उन्होंने बताया कि दो सौ नब्बे मीटर लंबे कॉरिडोर के जरिये भक्तिपथ को श्रीराम जन्मभूमि पथ से जोड़ा जा रहा है। इससे श्रद्धालुओं को काफी सुगमता से दर्शन पूजन करने का मौका मिल सकेगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मऊ जिले में आकाशीय बिजली गिरने से हुए हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों के परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने परिजनों को तत्काल सहायता राशि भी उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया है। कल शाम मऊ में आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई थी।

मुख्यमंत्री ने आंधी, बारिश, ओला पड़ने और बिजली गिरने की घटनाओं से प्रभावित बहराइच, अलीगढ़ और औरेया जिले के लोगों को भी तत्काल सहायता राशि देने का अधिकारियों को निर्देश दिया है।

**********

शाहजहांपुर जिले के बदनापुर थानाक्षेत्र में बीती रात हुई एक सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि एक घायल का इलाज चल रहा है। यह हादसा उस समय हुआ जब एक बाइक सामने से आ रही कार से टकरा गई। बाइक पर चार दोस्त सवार थे। इस दुर्घटना में बाइक पर सवार सभी चार दोस्तों और कार में बैठे दो लोगों की मौत हो गई।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में लगातार बारह मई तक कहीं कहीं वर्षा और बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक नौ और दस मई को छोड़ कर पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी वर्षा की यही स्थिति रहेगी।

**********